# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

20 मई 2024, सोमवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा दिल्ली के संगम विहार में आयोजित विशाल जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**राजनीति में केजरीवाल जैसा यू-टर्न लेने वाला कोई नहीं है**

**************

**भ्रष्टाचारियों पर केस करने की बात करने वाले केजरीवाल, खुद भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए**

**************

**केजरीवाल एक घोटाले में जेल गए हैं, अभी बाकी 7 घोटालों की जाँच भी होनी है**

**************

**केजरीवाल अकेले ऐसे नेता हैं, जो भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद भी मुख्यमंत्री पद से चिपके रहे**

**************

**अरबपति के बराबर का बंग्ला बनवाया है केजरीवाल ने**

**************

**जिस मुख्यमंत्री के आवास पर महिला सांसद की पिटाई हुई हो, वह मुख्यमंत्री महिला सुरक्षा नहीं कर सकता**

**************

**केजरीवाल की सरकार 3जी पर चल रही है...घोटाला, घूसखोरी और घपलेबाजी**

**************

**2026 तक सभी अनाधिकृत कॉलोनी को अधिकृत करेगी भाजपा**

**************

माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज सोमवार को दिल्ली के संगम विहार में जनसभा को संबोधित करते हुए दिल्ली की आप सरकार की भ्रष्ट नीतियों और केजरीवाल सरकार के कुप्रबंधन पर जमकर निशाना साधा और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान मंच पर दक्षिणी दिल्ली के निवर्तमान सांसद श्री रमेश बिधूड़ी, राज्यसभा सांसद डॉ अनिल जैन, पूर्व दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष श्री सतीश उपाध्याय एवं दक्षिणी दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी श्री रामवीर बिधूड़ी सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अर्थ है हमारे देश के अर्थतंत्र को विश्व के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना। आज पांचवें चरण का मतदान था लेकिन चार चरणों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पूर्ण बहुमत यानी 270 सीटें प्राप्त कर चुके हैं। पांचवें, छठे और सातवें चरण में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 400 सीट पार करने जा रहे हैं। **कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता पूरे देश को डरा रहे हैं कि पाक अधिकृत कश्मीर की बात मत करो क्योंकि पकिस्तान के पास एटम बम हैं। राहुल बाबा, भाजपा की जमात डरने वालों में से नहीं है। पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है, रहेगा और भारत उसे वापस लेकर रहेगा।**

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि दिल्ली और राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना देना है, खड़गे साहब की उम्र 80 पार हो गई लेकिन वे भारत को जान नहीं पाए हैं। दिल्ली का बच्चा-बच्चा कश्मीर के

लिए अपनी जान दे सकता है। कांग्रेस पार्टी ने 70 वर्षों तक धारा 370 को अपने अनौरस बच्चे की तरह संभालकर रखा लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल में धारा 370 को समाप्त कर दिया। आज कश्मीर के लाल चौक पर भारत का तिरंगा लहरा रहा है। राहुल गांधी संसद में कहते थे कि 370 हटाई तो खून की नदियां बह जाएंगी, पांच वर्ष हो गए खून की नदियां तो छोड़िए कंकड़ उठाने की किसी की हिम्मत नहीं हुई है। आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश से आतंकवाद को समाप्त किया है। **10 वर्ष तक सोनिया-मनमोहन की सरकार में आए दिन पकिस्तान से आतंकी आकर बम धमाके करते थे और भाग जाते थे लेकिन कोई कुछ नहीं करता था। भाजपा कार्यकाल में पाकिस्तान से आए आतंकियों ने उरी और पुलवामा में हमला करने की गलती की तो यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों का सफाया किया। पहले आजादी के नारे हमारे कश्मीर में लगते थे लेकिन आज आजादी के नारे पाक अधिकृत कश्मीर में लग रहे हैं। यह परिवर्तन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कारण आया है।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **राहुल गांधी कहते हैं कि हम सरकार में आए तो धारा 370 को वापस लाएंगे, तीन तलाक वापस लाएंगे और नागरिकता संशोधन कानून निरस्त करेंगे। राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल ऐसे नेता हैं, जिन्हें भारत में तो कोई समर्थन नहीं देता लेकिन उनके समर्थक पाकिस्तान में ज्यादा हैं।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चुनाव प्रचार के लिए जेल से बाहर आए हैं। **भारतीय राजनीति में केजरीवाल जी की तरह यू-टर्न लेने वाला कोई नेता नहीं है।** केजरीवाल जी ने सरकारी नौकरी को छोड़कर एनजीओ बनाया और अपने बच्चों की कसम खाकर कहा कि वह राजनीति में नहीं आएंगे। लेकिन अरविंद केजरीवाल ने श्री अन्ना हजारे जी को रालेगण सिद्धि भेजकर 26 नवंबर 2012 को आम आदमी पार्टी बनाई। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, मगर उन्होंने तीन बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली से कांग्रेस सरकार को हटाकर, कांग्रेस के नेताओं को जेल भेजेंगे, लेकिन आज उसी कांग्रेस के साथ मिलकर दिल्ली में चुनाव लड़ रहे हैं। **केजरीवाल ने कहा था कि वीवीआईपी सुविधा, बंगला, गाड़ी और सुरक्षा बल नहीं लेंगे, मगर केजरीवाल ने सभी सुविधाओं का स्वीकार किया। अरविंद केजरीवाल का सरकारी बंगले से मन नहीं भरा, इसलिए उन्होंने 125 करोड़ के शीशमहल को तैयार किया। किसी अरबपति का भी ऐसा निवास नहीं होता, जैसा दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का शीशमहल है।**

श्री शाह ने कहा कि केजरीवाल जी ने जनलोकपाल बिल लाने की बात की थी, मगर दिल्ली में ढकोसले जैसा लोकपाल बनाया। **केजरीवाल जी दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस करने वाले थे, मगर स्वयं केजरीवाल के खिलाफ ही भ्रष्टाचार का केस पंजीकृत हो गया। केजरीवाल ने कहा था कि वह भ्रष्टाचारी कांग्रेस, लालू, डीएमके, टीएमसी का साथ नहीं दूंगा, मगर आज इन्हीं सभी के साथ गठबंधन करके बैठे हैं।** केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की सूची बहुत लंबी है। दिल्ली की आप सरकार ने 2875 करोड़ रुपए का शराब घोटाला, 78 हजार करोड़ रुपए का जल बोर्ड घोटाला, 5 हजार करोड़ रुपए का क्लासरूम घोटाला, 1 हजार करोड़ रुपए का नकली दवाईयों का घोटाला, 4 हजार करोड़ रुपए का लैब-एक्सरे घोटाला, 2 हजार करोड़ रुपए का गाड़ियों में पैनिक बटन घोटाला, 1 हजार करोड़ रुपए का बस खरीद घोटाला किया और 125 करोड़ रुपए के शीशमहल का निर्माण किया। अभी केवल 1 घोटाले की जांच हुई है और 7 घोटालों की जांच बाकी है। **भ्रष्टाचार के कारण लालू यादव, जयललिता जैसे कई मुख्यमंत्री और मंत्री इस्तीफा देकर जेल गए, मगर केजरीवाल जी जेल जाकर भी दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहे।** 25 मई को दिल्ली की सातों सीटों पर कमल खिलने वाला है। **केजरीवाल जी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जनआंदोलन करके मुख्यमंत्री बने, मगर स्वयं हजारों करोड़ों का भ्रष्टाचार किया।**

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **जिस मुख्यमंत्री के आवास पर उनकी ही पार्टी की महिला राज्यसभा सांसद से मारपीट की गई हो, वह मुख्यमंत्री दिल्ली की महिलाओं को सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकता है।** केजरीवाल जी औड-ईवन में विश्वास रखते हैं, औड दिन वह भ्रष्टाचारियों की लंबी सूची लेकर भाषण देते हैं और ईवन दिन सभी भ्रष्टाचारियों के साथ मिलकर घमंडिया गठबंधन बनाते हैं। औड दिन पर दिल्ली के मालिक बनते हैं और ईवन दिन पर देश का मालिक बनने का स्वप्न देखते हैं। औड दिन पर सबका इस्तीफा मांगते हैं और ईवन दिन पर अपना इस्तीफा दिए बिना जेल चले जाते **हैं। दिल्ली की केजरीवाल सरकार 3-जी सरकार है। पहले जी का मतलब घोटाला, दूसरे जी का मतलब घूसखोरी और तीसरे जी का मतलब है घपलेबाजी।** स्वयं को कट्टर ईमानदार बताने वाले आज बेमानी के रास्ते पर चल रहे हैं। मोदी सरकार ने 1731 अनाधिकृत कॉलोनियों को अधिकृत करने का काम किया है, जिसका लाभ दिल्ली के 60 लाख निवासियों को होने वाला है। मोदी सरकार ने दिल्ली में 3 हजार फ्लैट का आवंटन किया है और 2026 तक सभी अनाधिकृत

कॉलोनियों को अधिकृत करने का काम किया जाएगा, यह मोदी की गारंटी है। दिल्ली वासियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलना चाहिए, लेकिन केजरीवाल सरकार ने इस योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया है। दिल्ली की सातों सीटें जीतते ही 6 महीने के भीतर आयुष्मान भारत को दिल्ली के धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा। दिल्ली में सीवर लाइन और सरकारी अस्पताल की परेशानियों को आप सरकार ने हल नहीं किया है। दिल्ली सरकार के मोहल्ला क्लिनिक में कोई सुविधाएं नहीं हैं, कोई बारात घर नहीं है, ट्राफिक की व्यवस्था नहीं है। दिल्ली में विधवा एवं वृद्ध पेंशन बंद है, 7 साल से राशन कार्ड नहीं बने हैं और आप के कार्यकर्ता दिल्ली में टैंकर माफिया बने हुए हैं।

श्री शाह ने कहा कि **केजरीवाल ने दिल्ली के बजट का सबसे बड़ा हिस्सा सिर्फ विज्ञापनों में खर्च किया।** सरकारी अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक, ओल्ड एज होम, बारात घर, ट्रैफिक, पीने का पानी और राशन कार्ड बनाना केजरीवाल की जिम्मेदारी है लेकिन यदि केजरीवाल से ये सब नहीं हो रहा है तो वे छोड़ दें। भारतीय जनता पार्टी यह सारे कार्य करके देगी। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दिल्ली के विकास के लिए ढेर सारे कार्य किए हैं।** 6 लेन ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे 500 दिनों में बनाया, 7700 करोड़ की लागत से अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 दिल्ली के लिए रिंग रोड के रूप में बनाया, 13 हजार करोड़ की लागत से 150 किमी दिल्ली-सहारनपुर सिग्नल फ्री कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है, कुंडली से पलवल को जोड़ने वाला 6 लेन एक्सप्रेस-वे बनाया और द्वारका एक्सप्रेस वे बनाकर तैयार किया साथ ही पूरी दुनिया का सबसे बाद कन्वेन्शन सेंटर यशोभूमि भी दक्षिणी दिल्ली में बनाने का कार्य किया गया। इसके अलावा 850 एकड़ में ईकोलॉजिकल पार्क बन रहा है और आईजीआई हवाई अड्डा 4 रनवे एवं एक एलीवेटिड टैक्सी रूट वाला देश का पहला हवाई अड्डा बनने जा रहा है। दिल्ली के अस्पतालों पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 8 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **भाजपा ने तो अपना हिसाब दे दिया है लेकिन केजरीवाल अपना हिसाब कर देंगे। दिल्ली की जनता 1 जून से पहले ही केजरीवाल से उसका हिसाब मांगने वाली है क्योंकि उसके बाद केजरीवाल फिर से जेल जाने वाले हैं।** कांग्रेस ने राम मंदिर को 70 वर्षों से लंबित रखा था और केजरीवाल राम मंदिर की जगह पर अस्पताल एवं शौचालय बनाने की सिफारिश करते थे लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दूसरी बार कार्यभार संभालते ही राम मंदिर का निर्माण करवा दिया और राम लला टेंट से अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए। **केजरीवाल, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने अपने वोटबैंक के डर से राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण तक ठुकरा दिया और रोहिंग्या घुसपैठिए इन लोगों का वोटबैंक हैं। भाजपा घुसपैठियों को नहीं डरती है, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भव्य राम मंदिर का भी निर्माण किया और औरंगजेब द्वारा खंडित किए गए काशी विश्वनाथ मंदिर का भी पुनरुद्धार किया।** इंडी गठबंधन के पास प्रधानमंत्री पद का चेहरा नहीं है। शरद पवार, ममता बनर्जी, केजरीवाल, अखिलेश यादव, स्टालिन, उद्धव ठाकरे और राहुल गांधी में से कोई भी नेता इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। **इंडी गठबंधन के नेता हर वर्ष अलग अलग प्रधानमंत्री बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन ये बारी-बारी प्रधानमंत्री की स्कीम न तो पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे सकती है न देश से आतंकवाद एवं नक्सलवाद समाप्त कर सकती और न ही यूसीसी तथा सीएए लागू कर सकती है।** इस देश का विकास केवल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं। ये चुनाव सांसद चुनने का नहीं अपितु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार विजयी बनाने का चुनाव है। श्री शाह ने उपस्थित जनसैलाब से दक्षिणी दिल्ली प्रत्याशी श्री रामवीर बिधूड़ी को भारी बहुमत से विजयी बनाकर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने और देश को महान एवं विकसित भारत बनाने में योगदान देने की अपील की।

***************************